पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

संपूर्ण पश्चिम मध्य रेलवे में मनाया गया बाबा साहेब का 135वां जन्म दिवस

जबलपुर 15 अप्रैल। संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को मनाई जाती है। इसी कड़ी में संपूर्ण पश्चिम मध्य रेलवे में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 135वां जन्म दिवस मनाया गया। मुख्य समारोह पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक कार्यालय के प्रागंण में दिनांक 15 अप्रैल 2025 को आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री ने डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया एंव दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किये। साथ ही वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रभात, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य विद्‌युत् इंजीनियर श्री मुकेश, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रवीण खोराना, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री एम. विजय कुमार, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निर्देशक डॉ. श्याम सुन्दर एवं उपमहाप्रबंधक श्री अनुराग पाण्डेय सहित वरिष्ठ अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों ने भी डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

श्रीमती सुजाता इंगले एवं अन्य द्वारा बौद्ध वंदना प्रस्तुत की गई तदोपरांत मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) श्री एस. डी. पाटीदार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्मिक अधिकारी/कल्याण श्री अभय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/028/2025 दिनांक 15.04.2025

सम्माननीय संपादक,

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर